SUNDAY | 13.09.2026 | भाद्रपद शुक्ल-द्वितीया विक्रम संवत-2083
उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
महानगर वर्ष 58 | अंक 237 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : सात रुपये
बरेली
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**PAGE NO. 06 : TOP**

# एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस आरंभ

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कॉन्फ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप आरंभ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जन और पूर्व महापौर डॉ. आईएस तोमर तथा वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डॉ. लालता प्रसाद को लाइफ टाइम अचीवमेंट से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान सर्जरी के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए दिया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने दोनों चिकित्सकों को सम्मानित किया। देव मूर्ति ने कहा कि उपचार में अत्याधुनिक तकनीक के साथ नैतिक मूल्यों का ध्यान रखना भी आवश्यक है।

सम्मानित होने के बाद डॉ. तोमर ने जताया। डॉ. तोमर ने कहा कि इस दौरान नैतिक मूल्यों का हमेशा ध्यान रखा गया। उन्होंने युवा चिकित्सकों को प्रतिदिन अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने का संदेश दिया। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ 11 वैज्ञानिक सत्र हुए। इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत रहाटे ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।

आईएससीपी के सचिव डॉ. नीरज गोयल ने चिकित्सकों के बीच सही जानकारी और ज्ञान पहुंचाने पर जोर दिया। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को उत्तर भारत का प्रमुख मेडिकल